पेज थ्री देहरादून
हमारा दून
देहरादून शुक्रवार 11 सितंबर 2020


हरकी पैड़ी के पास खिलौने के गोदाम में लगी भीषण आग, मची अफरा–तफरी।



## संक्षिप्त समाचार

### शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक डिस्चार्ज, अब होम आइसोलेशन में रहेंगे

**संवाददाता** ऋषिकेश। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान ऋषिकेश में भर्ती शहरी विकास मंत्री मदन कौशिक गुरुवार को एम्स से घर चले गए हैं। उन्हें चार दिन पूर्व कोविड रिपोर्ट पॉजिटिव आने के कारण एम्स में भर्ती किया गया था। एम्स के जनसंपर्क अधिकारी हरीश मोहन थपलियाल ने बताया कि अब उनके स्वास्थ्य में सुधार है। उन्हें छुट्टी दे दी गई है। अब वह होम आइसोलेशन में रहेंगे।

### कांग्रेस 12 सितम्बर को प्रदेश भर में व्यापक आंदोलन करेगी

**संवाददाता** देहरादून। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री संगठन विजय सारस्वत ने कहा है कि प्रदेश में बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किये जाने के लिए ठोस नीति बनाये जाने सहित अन्य मांगों के समाधान के लिए कांग्रेस 12 सितम्बर को प्रदेश भर में व्यापक आंदोलन करेगी। यहां कांग्रेस मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में बेरोजगारों की लंबी फौज तैयार हो गई है और बेरोजगारों को रोजगार प्रदान नहीं किया जा रहा है।

### देश में पंडित गोविंद बल्लभ पंत का महत्वपूर्ण योगदान रहाः विस अध्यक्ष

**संवाददाता** देहरादून। भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की जयंती के अवसर पर बीएस नेगी महिला पॉलिटेक्निक, दून में आयोजित कार्यक्रम के अवसर पर पहुंचे उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा है कि इस देश को आगे बढ़ाने में पंडित गोविंद बल्लभ पंत का महत्वपूर्ण योगदान रहा। बीएस नेगी महिला पॉलिटेक्निक ओएनजीसी में आयोजित भित्ति चित्रों का लोकार्पण एवं शिक्षकों के सम्मान समारोह के अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि हुनर व्यक्ति को आत्मनिर्भरता की ओर ले जाता है, बी एस नेगी महिला पॉलिटेक्निक संस्थान के अंदर भित्ति चित्रों के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत की तस्वीर प्रस्तुत की गई है।

### मॉनसून में शिशुओं की स्किन की सौम्य व सुरक्षित देखभाल

**संवाददाता** देहरादून। मॉनसून के साथ नमी व सीलन आती है, जिससे शिशुओं को त्वचा संबंधी अनेक समस्याएं, जैसे रैश, सिर में खुजली आदि हो सकती हैं। डॉक्टर प्रतिभा बबशेत, आयुर्वेद विशेषज्ञ, आरएंडडी, हिमालया ड्रग कंपनी माता–पिता को अपने शिशुओं के लिए मॉनसून के दौरान स्किन केयर की एक दिनचर्या का पालन करने का सुझाव दे रही हैं, जिससे शिशुओं की स्किन की समस्याओं, जैसे डायपर के रैशेज, क्रेडल कैप, सिर में खुजली आदि समस्याओं को दूर करने में मदद मिलेगी।

# घर–घर पेयजल कनेक्शन देने की कार्य योजना बनायेंः डीएम

**बैठक**

■ घर–घर पाईप्ड टेप्ड वाटर सप्लाई करने और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जरूरी रणनीति पर होमवर्क कर

**संवाददाता**

देहरादून। जिलाधिकारी डॉ. आशीष कुमार श्रीवास्तव की अध्यक्षता में एनआईसी सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता मिशन की सम्पादित हुई बैठक में जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं पेयजल निगम और जल संस्थान को निर्देश दिये कि जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों के सभी परिवारों को घर–घर पाईप्ड टेप्ड वाटर सप्लाई करने और लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए जरूरी रणनीति पर होमवर्क करें।

उन्होंने कहा कि कार्ययोजना दो चरणों में बनायें जिसके अन्तर्गत प्रथम चरण में घर–धर तक पाइप टेप्ड वाटर सप्लाई पहुंचाने तथा दूसरे चरण में स्त्रोत का पुनर्जीवन व सुधारीकरण का कार्य किया जाय। उन्होंने उपरोक्त प्लान को आगामी मंगलवार को प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। उन्होंने पाईप्ड वाटर सप्लाई की 50 लाख रू. की धनराशि से नीचे वाली डीपीआर की तत्काल टेंडरिंग प्रक्रिया प्रारम्भ करने और पेयजल कनैक्शन के व्यापक लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक डिवीजन में कनिष्ट अभियन्ताओं को प्रत्येक दिन का लक्ष्य वितरित करनें और उसकी दैनिक प्रगति का भी अवलोकन करते रहनें के निर्देश दिये।

सबसे बेहतर प्रगति प्राप्त करने वाले कनिष्ट अभियन्ता तथा जिस सहायक अभियन्ता और अधिशासी अभियन्ता के अधीन बेहतर मासिक प्रगति सामने आयेगी उनको उत्साहवर्धन हेतु प्रत्येक माह सम्मानित करने की प्रक्रिया भी प्रारम्भ की जाये। जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्थाओं पेयजल निगम और जल संस्थान को कहा कि विस्तृत लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रत्येक डिवीजन स्तर पर मानवीय तथा वित्तीय जरूरतों का भी आकलन प्रस्तुत किया जाय। उन्होंने सभी सम्भव आवश्यकताओं की पूर्ति करने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल कनैक्शन के निर्धारित शुल्क 01 रू. की धनराशि प्राप्त करते हुए कनैक्शन को नियमित किया जाय। उन्होंने पेयजल निगम और जल संस्थान को निर्देशित किया कि पेयजल से सम्बन्धित कार्यों के क्रियान्वयन के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में जहां–जहां लोक निर्माण विभाग की सड़कों की खुदाई करनी होती है उस खोदी गई सड़क के सुधारीकरण के खर्च की धनराशि को लोक निर्माण विभाग को हस्तान्तरित करेंगे। इसके साथ ही जिन क्षेत्रों में सड़क की खुदाई करनी होती है वहां के ग्राम प्रधान/स्थानीय जनप्रतिनिधि को विश्वास में लेते हुए सड़क की खुदाई करें तथा रात्रि में काम के दौरान सुरक्षा के सभी मानकों का पालन किया जाय।

### वन भूमि हस्तान्तरण के प्रकरणों का करेंगे निस्तारण

जिलाधिकारी ने वन भूमि स्थानांतरण के मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु वन विभाग से समन्वय बनाने के लिए पेयजल निगम और जल संस्थान को एक–एक सहायक अभियन्ता को नोडल अधिकारी नामित करने के निर्देश दिये जो वन विभाग के समन्वय से वन भूमि हस्तान्तरण के प्रकरणों का निस्तारण करेंगे। उन्होंने अपर जिलाधिकारी वि/रा को निर्देशित किया कि ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल कनेक्शन लेने के लिए लिए जिन व्यक्तियों के पास आधार कार्ड नहीं हैं उनको प्राथमिकता से आधार कार्ड उपलब्ध करवाने के लिए लेखपाल/पटवारी तथा ग्राम पंचायत विकास अधिकारी/ग्राम विकास अधिकारी को ग्रामवार दायित्व वितरित कर दें।

### सीएम ने विशेष कार्याधिकारी ऊर्बादत्त भट्ट की पत्नी के निधन पर शोक व्यक्त किया

देहरादून। सीएम के ओएसडी उर्बादत्त भट्ट की पत्नी वर्षा गोनियाल का कोरोना से निधन हो गया है। वह महंत इंद्रेश अस्पताल में रविवार को ही भर्ती हुई थी। उन्हें सांस लेने में अत्याधिक तकलीफ हो रही थी और गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें आइसीयू में रखा गया था। ओएसडी उर्बादत्त भट्ट स्वयं और उनकी मां भी कोरोना पॉजिटिव हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। उनकी पत्नी शिक्षा विभाग में लेक्चरर के पद पर थीं। प्रतिनियुक्ति पर वह संस्कृत शिक्षा में उपनिदेशक के पद पर तैनात थीं। वहीं, मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने विशेष कार्याधिकारी ऊर्बादत्त भट्ट की धर्मपत्नी वर्षा गोनियाल भट्ट के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति व शोक संतप्त परिवार जनों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने अस्वस्थ चल रहे ऊर्बादत्त के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की है।

# भारत के स्वतंत्रता संग्राम में पं. पंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही

**भावपूर्ण स्मरण**

■ राज्यपाल व मुख्यमंत्री ने किया पंडित गोविंद बल्लभ पंत का भावपूर्ण स्मरण

देहरादून। **संवाददाता**

राज्यपाल बेबी रानी मौर्य और मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत के 133 वें जन्म दिवस पर उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए कहा कि वह एक सच्चे देशभक्त, उत्कृष्ट जननेता, समाज के वंचित वर्गों को सदैव समपत महान राजनीतिज्ञ थे।



राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि पंडित गोविंद बल्लभ पंत को राज्यों के पुनर्गठन तथा उत्तर प्रदेश में भूमि सुधार की अवधि के दौरान उनके प्रेरक नेतृत्व के लिए सदैव याद किया जाएगा। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में पं. पंत की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उनका जीवन हमारे देश के युवाओं को सदैव प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने अपने संदेश में उन्हें महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, देशभक्त, समाजसेवी तथा कुशल प्रशासक बताया। उन्होंने कहा कि पं. पंत ने देश को नई दिशा देने के साथ ही कुली बेगार प्रथा तथा जमींदारी उन्मूलन के लिए निर्णायक संघर्ष कर इन्हें समाप्त करने में अहम भूमिका निभाई।

हिंदी को राजभाषा के रूप में प्रतिष्ठित कराने में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने भारत रत्न पण्डित गोविंद बल्लभ पन्त के जन्म दिवस के अवसर पर उनके चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र ने कहा कि भारतीय राजनीति में गोविंद बल्लभ पंत का अहम योगदान रहा। भारत के गृह मंत्री एवं उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री रहे। पंत सरल व्यक्तित्व के धनी थे। स्वतंत्रता संग्राम में भी उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा।

### रोजगार प्रदान किये जाने की मांग को लेकर विस का किया जाएगा घेराव

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड की आवाज के मुख्य संयोजक रविन्द्र जुगरान ने कहा है कि बेरोजगारों को रोजगार प्रदान किये जाने की मांग को लेकर आगामी मानसून सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव किया जायेगा। उत्तरांचल प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि इस आंदोलन में उत्तराखंड पूर्व सैनिक एवं अर्द्ध सैनिक संगठन, उत्तराखंड बेरोजगार महासंघ, उत्तराखंड राज्य आंदोलनकारी मंच इस लड़ाई के लिए एक मंच पर आये है और सभी ने सामूहिक निर्णय लिया है। उन्होंने कहा कि उपनल को सभी के लिए खोलने पर सरकार को पुर्नविचार कर इस निर्णय को वापस लेना होगा। उन्होंने कहा कि सैनिक 20, 31, 32 वर्ष की उम्र में रिटायर होना शुरू हो जाता है और जब उसके ऊपर परिवार पालने व बच्चों के शिखण की जिम्मेदारी होती है।

In a Digital World Why
To wait for a Howker
Visit Us at http://app.page3news.co.in
Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+

Scan This Code
Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड, पी.ओ.–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल दर्शनलाल चौक, देहरादून।
फैक्स नं०–
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।